उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1881 | **संवाद–102** | दिनांक /Date.: 23.03.21

विषयः–पदनाम–प्रवर्तन सिपाही, पद कोड–84 एवं आबकारी सिपाही, पद कोड–86 की प्रथम औपबंधिक श्रेष्ठता सूची जारी किये जाने के संबंध में–

प्रिय अभ्यर्थियों

आप सभी अवगत है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा परिवहन विभाग में प्रवर्तन सिपाही, पद कोड–84 एवं आबकारी सिपाही पद कोड–86 के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 10.01.2021 को आयोजित की गयी थी। इस लिखित परीक्षा में अंकों की श्रेष्ठता के आधार पर औपबंधिक श्रेष्ठता सूची आयोग वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर दिनांक 22.03.2021 को प्रकाशित कर दी गयी है।

उक्त पदकोडों की औपबंधिक श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों का निम्न तालिका में अंकित श्रेणीवार निर्धारित तिथियों में अभिलेख सत्यापन आयोग कार्यालय में किया जायगा :–

क.सं.	पदनाम	पद कोड	अभिलेख सत्यापन की निर्धारित तिथियां		
			श्रेणी	क0सं0	अभिलेख सत्यापन तिथि
1	प्रवर्तन सिपाही	84	सामान्य (GEN)	1 से 46	**05 अप्रैल, 2021**
			ओ0बी0सी0(OBC)	1 से 9	**06 अप्रैल, 2021**
			अनुसूचित जाति (SC)	1 से 14	
			अनुसूचित जनजाति (ST)	1 से 4	
2	आबकारी सिपाही	86	समस्त श्रेणी		**15 अप्रैल, 2021**

अतः समस्त चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थी अपने समस्त वांछित मूल अभिलेखों सहित, जो अभ्यर्थी के द्वारा संबंधित पद हेतु जारी विज्ञप्ति के अनुरूप निर्धारित शैक्षिक योग्यता/व्यावसायिक व अन्य प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र में अंकित किये गये, की स्वप्रमाणित दो–दो प्रतियां(अलग–अलग) व 04 पासपोर्ट आकार की फोटोग्राफ के साथ उक्त निर्धारित तिथियों को प्रातः 09.30 बजे आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चत करेंगे।

यह भी अवगत कराना है कि आयोग वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर **संवाद संख्या–79** के साथ अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित प्रारूप संलग्न है। कृपया उक्त प्रारूप को डाउनलोड कर उसके अनुरूप समस्त संलग्नकों का विवरण तैयार कर निधारित तिथि को यथा समय आयोग कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। साथ ही कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत सभी अभ्यर्थी मास्क पहनकर सोशल डिस्टेसिंग का पालन करेंगे।

नोट–पद कोड–84 एवं 86 में चयनित ऐसे अभ्यर्थी, जिनका चयन दोनों पद कोड में हुआ है वे अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को दोनों पद कोड का एक दिन अभिलेख सत्यापन करा सकते है।

।। सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाओं के साथ।।

आयोग की ओर से,

(संतोष बडोनी)
सचिव।